# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–13 दिसम्बर 2025** **सान्ध्य समाचार**

राष्ट्र आज संसद आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। 13 दिसंबर 2001 को आज ही के दिन सुरक्षाकर्मियों ने संसद की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था। एक रिपोर्ट–

**उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल सहित कई सांसदों ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि राष्ट्र उन नायकों के साहस, वीरता और बलिदान को नमन करता है, जिनकी कर्तव्य निष्ठा भारत की राष्ट्रीय भावना को निरंतर मार्गदर्शन देती है। राष्ट्रपति ने आतंकवाद के सभी रूपों से लड़ने के भारत के दृढ़ संकल्प को भी दोहराया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए सदैव कृतज्ञ रहेगा। श्री मोदी ने कहा कि भीषण खतरे के बीच उनका साहस, सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा सराहनीय थी। समाचार कक्ष से अरूण।**

**********

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने आज प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष पद के लिए पार्टी के लखनऊ स्थित कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया। श्री चौधरी दोपहर में लखनऊ पहुंचे, जहां भाजपा कार्यालय में उन्होंने औपचारिक रूप से नामांकन पत्र जमा किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उनके समर्थक लखनऊ एयरपोर्ट और पार्टी कार्यालय में मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक उनके प्रस्तावक बने। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महासचिव विनोद तावड़े और लखनऊ भाजपा प्रमुख महेंद्र नाथ पांडे ने चुनाव अधिकारी के रूप में नामांकन स्वीकार किया। नामांकन के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी सहित उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, सूर्य प्रताप शाही, सुरेश खन्ना और बेबी रानी मौर्य भी उपस्थित रहे। पार्टी के 17वें प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा कल होगी।

**********

काशी में आयोजित काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण के अंतर्गत इस वर्ष एक नई पहल की गई है। इसके तहत तमिलनाडु से आए तमिल शिक्षकों ने वाराणसी के विभिन्न स्कूलों में बच्चों को पंद्रह दिनों तक तमिल भाषा का ज्ञान दिया। तमिल शिक्षकों ने बताया कि यह उनके लिए एक नई और सुखद अनुभूति रही।

**मैं तमिलनाडु तिरूची से आई हूँ। मुझे तमिल टीचर बनने के लिए इच्छुक हूं। लेकिन मैं हिन्दी अध्यापिका हूं। इधर आ कर बहुत सारे बच्चों को तमिल सीखाने का मौका मिलने पर मुझे बहुत खुशी है। इधर होने वाले सभी बच्चे तमिल में ये इसके क्या है, ये तरकारी का नाम कया है, ये सब्जी का नाम क्या है, रिश्तेदारों का नाम क्या–क्या है। जानने में बहुत खुशी से सिखते हैं।**

**********

श्री काशी विश्वनाथ धाम के नविनीकरण की आज चतुर्थ वर्षगांठ है। इस अवसर पर मंदिर न्यास का प्रतिनिधित्व करते हुए श्री काशी विश्वनाथ धाम के डिप्टी कलेक्टर शंभु शरण ने भगवान विश्वेश्वर का विधिवत पूजन–अर्चन किया। इस अवसर पर वैदिक विधि से मंत्रोच्चार के साथ भगवान विश्वनाथ की आराधना संपन्न हुई। पूजन कार्यक्रम के माध्यम से धाम के नविनीकरण कार्य की सफलता, श्रद्धालुओं की सुविधा तथा काशी की आध्यात्मिक परंपरा के संरक्षण के लिए मंगल कामना की गई। मंदिर न्यास द्वारा यह अवसर धाम के गौरवपूर्ण विकास, सुव्यवस्थित दर्शन व्यवस्था तथा सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में मनाया गया।

**********

अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की एक बैठक में शामिल होने से पूर्व श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए राम मंदिर परिसर से जुड़े कई अहम विकास कार्यों की जानकारी दी।

श्री मिश्रा ने बताया कि राम जन्मभूमि परिसर में पुराने मंदिर का एक भव्य स्मारक बनाया जाएगा। साथ ही राम मंदिर आंदोलन में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले महापुरुषों और कारसेवकों की स्मृति में भी स्मारक निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि ये स्मारक आने वाली पीढ़ियों को राम मंदिर आंदोलन के इतिहास से जोड़ेंगे। उन्होंने बताया कि मंदिर की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए परिसर की चहारदीवारी का निर्माण शुरू हो चुका है, जिसमें 25 वॉच टावर बनाए जाएंगे। चहारदीवारी पूरी तरह सीधी होगी और आवश्यकता पड़ने पर जमीन का विस्तार या खरीद की जाएगी।

उन्होंने बताया कि सप्त मंदिरों पर ध्वजारोहण को लेकर ट्रस्ट विचार कर रहा है। उल्लेखनीय है कि 31 दिसंबर को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ है, जिसकी तैयारियों को लेकर आज बैठक हुई।

**********

उन्नाव जनपद में आज सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। थाना हसनगंज क्षेत्र स्थित अजगैन–मोहन रोड पर तेज रफ्तार डंपर और ऑटो की आमने–सामने टक्कर हो गई। हादसा सुबह करीब साढ़े आठ बजे हुआ।

इस दुर्घटना में ऑटो सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस और पीआरवी टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा।

**********